>

Title: Regarding Mid-day Meals Scheme in Andaman and Nicobar Islands.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): महोदय, भारत सरकार के द्वारा मिड डे मील स्कीम के लिए एक प्रोग्राम वर्ष 2009 में बनाया गया था। उस प्रोग्राम के मुताबिक स्कूल में जो कुक है, जो स्कूल में खाना बनाती है, उन लोगों को एक हजार रूपये महीना ऑनरेरियम देने की बात थी। साथ ही साथ जितनी भी किचन हैं, स्टोर हैं, उन्हें बनाने के लिए मदद देंगे, भारत सरकार ने यह प्रस्ताव पारित करके पूरे द्वीप समूह प्रशासन को दिया था। लेकिन दुख की बात है कि वर्ष 2009 का प्रोग्राम आज तक अंडमान के स्कूलों में शुरू नहीं हुआ है। अंडमान निकोबार द्वीप समूह में करीब 311 स्कूल्स हैं। इन स्कूलों में 760 कुक कम हैल्पर काम कर रहे हैं। जिन्हें महीने में एक हजार रूपये मिलने थे, करीब-करीब 20 महीने से वह ऑनरेरियम नहीं मिला है, मतलब कुल मिलाकर डेढ़ करोड़ रूपये का ऑनरेरियम उन्हें नहीं मिला है। इसीलिए अण्णा हजारे जी की याद आती है। अण्णा हजारे जी का जन लोकपाल बिल होने से शायद अंडमान के कुक कम हैल्पर को ऑनरेरियम मिल जाता। इसके साथ-साथ मैं मांग करूंगा कि उस प्रोग्राम के मुताबिक स्कूलों में किचन कम स्टोर बने, खाना अच्छा बने, ऊपर से पानी टपककर खाने में न गिरे, खाना हाइजेनिक बने, खाना साफ बने। यह स्कीम तो वर्ष 2009 में बनायी गयी, लेकिन द्वीप समूह में आज तक एक भी स्कूल में किचन नहीं बनी और स्टोर भी नहीं बना। आज अण्णा हजारे जी की बात मुझे बार-बार याद आती है। राहुल गांधी जी आज चिल्ला-चिल्ला कर बोल रहे थे। अंडमान निकोबार द्वीप समूह भारत सरकार के अन्तर्गत है तो वह ऐसे ही नहीं है। अण्णा हजारे जी का जन लोकपाल बिल होने से कोई न कोई सिटीजन चार्टर में लोकपाल को जगाता, लोकायुक्त को जगाता और अपने अधिकार की मांग करता। ऑनरेरियम में डेढ़ करोड़ रूपया खा गये, लेकिन उस खाना बनाने वाली महिला को उसका ऑनरेरियम नहीं मिला। मैं भारत सरकार से मांग करूंगा कि कुक कम हैल्पर का जो ऑनरेरियम एक हजार रूपये महीना है, वर्ष 2009 से आज तक उनका जो ऑनरेरियम बनता है, वह ऑनरेरियम तुरन्त उन्हें दिया जाये। मेरी आखिरी मांग भी उसी से सम्बन्धित है। करीब 250 ऐसे स्कूल्स हैं, जहां किचन बननी है, जहां स्टोर बनाना है, मेरी मांग है कि भारत सरकार तुरन्त इसके लिए राशि अंडमान निकोबार द्वीप समूह को दे। अपनी कथनी और करनी में इसे दिखाये तो अंडमान निकोबार द्वीप समूह आगे बढ़ेगा नहीं तो अण्णा हजारे का स्लोगन अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लिए सही होगा।